CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 251 रायपुर, रविवार 5 अक्टूबर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## 15 नवंबर से शुरू होगी धान खरीदी

### 1.60 लाख मीट्रिक टन खरीदी की संभावना प्रति क्विंटल 31 सौ का होगा भुगतान



**रायपुर,** 6 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए नई धान खरीदी और कस्टम मिलिंग नीति तैयार कर ली है। यह नीति जल्द ही राज्य की कैबिनेट बैठक में मंजूरी के लिए पेश की जाएगी। खरीफ सीजन में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने की संभावना है। इस बार प्रदेश में 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की संभावना जताई जा रही है। इसके लिए पहले कैबिनेट की बैठक में धान उपार्जन नीति को मंजूरी मिलेगी। वहीं एग्रीस्टेक, एकीकृत किसान पोर्टल पर किसानों का पंजीयन भी शुरू हो गया है। पंजीकृत किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी।

धान बेचने वाले किसानों को प्रति क्विंटल 31 सौ का भुगतान होगा। मामले में कृषि मंत्री रामविचार नेताम का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा- हमारी सरकार ने जो वादा किया उसे पूरा कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में नवंबर माह से धान खरीदी होगी। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी करेंगे। प्रदेश में लगातार बारिश हो रही है। इसके बाद भी धान खरीदी की शुरुआत नवंबर से करेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार की वर्ष 2025-26 के लिए नई धान उपार्जन नीति और कस्टम मिलिंग नीति बनकर तैयार है। बताया गया है कि नीति के प्रारूप को इसी महीने दीपावली के पहले होने वाली कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद यह नीति लागू होगी। खास बात ये है कि इस बार धान उपार्जन करने वाली सोसाइटियों और मिलिंग करने वाले मिलरों को सरकार कुछ राहत दे सकती है। सूत्रों के अनुसार, धान उपार्जन और कस्टम मिलिंग नीति को राज्य सरकार की मंत्रिमंडलीय उप समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है। समिति ने इसे अपने स्तर पर मंजूरी दे दी है, लेकिन दोनों नीतियों को लागू करने के लिए कैबिनेट की मंजूरी अनिवार्य है। छत्तीसगढ़ में खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी की शुरुआत नवंबर से संभावित है। इस बार धान बेचने के लिए किसानों को ऑनलाइन टोकन मिलेगा। यही नहीं, किसानों में छोटे और सीमांत किसानों का धान भी पहले खरीदा जाएगा।

## बेलगाम इक्को चालक ने 4-5 लोगों को लिया चपेट में, एक की मौत

**धमतरी,** 6 अक्टूबर (हाईवे चैनल)।आज शाम एक सड़क दुर्घटना घटी है जिसमे एक व्यक्ति की मौत हो गई वंही 4-5 लोग घायल हो गए है. बताया जा रहा है कि एक चारपाहिया इक्को वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए भटगांव के पास एक व्यक्ति जो पैदल चल रहा था उसे चपेट मे ले लिया प्रत्यक्ष दर्शीयो ने बताया कि व्यक्ति को काफ़ी दूर तक घसीटते हुए ले गया. साथ ही सड़क पर चार पाँच लोगो को और ठोंकर मारा. घटना मे बाद लोगो ने वाहन चालक को पकड़ा.और पुलिस के हवाले किया.



## ब्रेकिंग न्यूज

### चुनाव आयोग करेगा शाम 4 बजे बिहार विस चुनाव की तारीखों की घोषणा

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। निर्वाचन आयोग सोमवार को बिहार विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करेगा। निर्वाचन आयोग शाम चार बजे संवाददाता सम्मेलन करेगा। बिहार में 243 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है। राजनीतिक दलों ने निर्वाचन आयोग से अक्टूबर के अंत में छठ पर्व के तुरंत बाद चुनाव कराने का आग्रह किया है ताकि अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके क्योंकि बड़ी संख्या में बाहर काम करने वाले लोग उस दौरान त्योहारों के लिए घर लौटते हैं। राज्य में 2020 के विधानसभा चुनाव कोविड-19 महामारी की पृष्ठभूमि में तीन चरणों में हुए थे। एक या एक से अधिक चरणों में होने वाले चुनावों की तारीखों की घोषणा मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा आगामी विधानसभा चुनावों से पहले चुनाव तैयारियों की समीक्षा के एक दिन बाद होगी। प्रतिनिधिमंडल में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी शामिल थे।

### देवरी पिकनिक स्पॉट पर 3 लोग डूबे, एक का शव बरामद



**जांजगीर चांपा,** 6 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा में भारी बारिश के बीच एक और दर्दनाक घटना सामने आई है। कल शाम से देवरी पिकनिक स्पॉट पर तीन लोगों के डूबने की सूचना के बाद मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। एक का शव बरामद कर लिया गया है। स्थानीय प्रशासन की निगरानी में अन्य दो लोगों की तलाश की जा रही है। मौके पर गोताखोरों की टीम लगातार प्रयास कर रही है, वहीं आसपास के स्थानीय मछुआरों और डोंगा चालकों की मदद भी ली जा रही है। बिलासपुर से एसडीआरएफ की टीम को भी तैनात किया गया है, जो कुछ ही देर में मौके पर पहुंचने वाली है। प्रशासन ने ड्रोन कैमरों की मदद से पानी की सतह और आसपास के क्षेत्रों की निगरानी शुरू कर दी है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि डूबे लोग किस दिशा में बह सकते हैं या कहां फंसे हो सकते हैं। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि हर संभव संसाधन झोंके जा रहे हैं।




**चूहा-** सुनती हो, मुख्य न्यायाधीश ने विदेश में कहा कि भारत के कानून में बुलडोजर संस्कृति के लिए जगह नहीं।

**चुहिया-** हां जी, वो तो ठीक है पर बुलडोजर चलाने वालों पर कार्रवाई कहां होती है ?

## जयपुर के अस्पताल में लगी भीषण आग ने ली 8 मरीजों की जान



### मुख्यमंत्री ने दिए जांच के आदेश

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। राजस्थान की राजधानी जयपुर में स्थित सवाई मान सिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में देर रात आईसीयू वार्ड में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बड़ी घटना सामने आई है। इस हादसे में 8 मरीजों की मौत हो गई है, जबकि कई गंभीर मरीजों को सुरक्षित निकाला गया। मौके पर मौजूद डॉक्टरों, नर्सों और दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राजस्थान की राजधानी जयपुर में रविवार देर रात सवाई मान सिंह अस्पताल में बड़ा हादसा हो गया। अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू वार्ड में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। इस हादसे में सात मरीजों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तुरंत अस्पताल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। हादसे को लेकर जो परिजनों ने बताया वो हैरान कर देने वाला है। अस्पताल के आईसीयू से निकलता धुआं, बेडों पर बिखरा मेडिकल उपकरण और बाहर इंतजार करते परिजनों के आंसू आग के बाद का मंजर बेहद विचलित करने वाला था। तस्वीरों में अस्पताल के बाहर मातम और दर्द का माहौल साफ देखा जा सकता है।

पूरन सिंह जो एक मरीज के रिश्तेदार हैं, उन्होंने बताया कि जब चिंगारी निकली तो उसके पास ही सिलेंडर रखा हुआ था। धुआं पूरे आईसीयू में फैल गया, जिससे अफरातफरी मच गई और लोग घबराकर बाहर भागने लगे। कई लोग अपने मरीजों को बचा ले गए, लेकिन मेरा मरीज कमरे में अकेला छूट गया। जैसे-जैसे गैस और फैली, उन्होंने गेट बंद कर दिए। ट्रॉमा सेंटर इंचार्ज डॉ. अनुराग धाकड़ ने जानकारी दी कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी प्रतीत होती है। आईसीयू में भर्ती ज्यादातर मरीज पहले से ही बहुत गंभीर स्थिति में थे और कई कोमा में थे। उनके सर्वाइवल रिफ्लेक्स कमजोर थे, इसलिए उन्हें तुरंत शिफ्ट करना मुश्किल रहा। आग से निकलने वाले टॉक्सिक गैसों के कारण मरीजों की हालत और बिगड़ गई। हमने उन्हें निचले फ्लोर के आईसीयू में शिफ्ट करने की कोशिश की, लेकिन छह मरीजों को बचाया नहीं जा सका।हादसे की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद सवाई मान सिंह अस्पताल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ राजस्थान सरकार के मंत्री जवाहर सिंह बेधम भी मौजूद थे। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री को सूचना मिली कि ढ्रष्ट में शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। कुछ लोगों की मौत हुई है, जबकि 24 में से ज्यादातर मरीजों को बचा लिया गया है। सरकार घायलों के इलाज को प्राथमिकता दे रही है।फिलहाल, अस्पताल प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं, जबकि पुलिस और फॉरेंसिक टीम आग के कारणों की विस्तृत जांच में जुटी है।

### पीएम मोदी ने हादसे पर दुःख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जयपुर, राजस्थान के सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल के ढ्रष्ट वार्ड में आग लगने के बाद सात लोगों की मृत्यु पर संवेदना व्यक्त की है। उनके एक्स अकाउंट पर जारी पोस्ट में उन्होंने कहा-जयपुर, राजस्थान के अस्पताल में आग की त्रासदी के कारण लोगों की जान जाना अत्यंत दुखद है। जिन्होंने अपने प्रियजन खोए हैं, उन्हें मेरी संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## राजिम-रायपुर मेमू ट्रेन में हादसा, गिरा यात्री



**रायपुर/अभनपुर,** 6 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। मानिकचौरी रेलवे स्टेशन पर एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जिसमें चलती ट्रेन से गिरने के कारण एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों की तत्परता और संवेदनशीलता के चलते युवक को समय रहते अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है. गोबरा नवापारा नगर के भोईपारा निवासी पारस कंडरा अपने परिवार के साथ रायपुर जाने के लिए मेमू ट्रेन में सवार हुआ था. जानकारी के अनुसार, राजिम स्टेशन पर टिकट काउंटर से टिकट न मिलने के कारण उसने बिना टिकट यात्रा शुरू की. जब ट्रेन मानिकचौरी स्टेशन पहुंची, तो पारस टिकट लेने के लिए प्लेटफॉर्म पर उतरा. इस दौरान ट्रेन अचानक चल पड़ी, और ट्रेन पकड़ने की कोशिश में वह फिसलकर नीचे गिर गया. हादसे में पारस गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत संवेदनशीलता दिखाते हुए घायल पारस को उठाया और पुलिस के पहुंचने से पहले ही उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया. उनकी इस त्वरित कार्रवाई से युवक को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकी. वर्तमान में पारस का इलाज चल रहा है. बताया जा रहा है कि पारस मूल रूप से दुर्ग का निवासी है और इन दिनों अपने साढ़ू के घर नवापारा में रहकर काम कर रहा था।

## 10 महीने पुरानी रंजिश का बदला लेने आरटीओ चेक पोस्ट में घुसे 8 बदमाश

### ड्यूटी में तैनात एसआई और उनके ड्राइवर पर किया हमला

**बलरामपुर,** 6 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में बीते शनिवार बदमाशों ने चेक-पोस्ट ऑफिस में घुसकर सब इंस्पेक्टर और उनके निजी ड्राइवर से मारपीट कर दी. आरोपियों ने अचानक 7-8 लोगों की संख्या में पहुंचकर उनसे गाली-गलौच की और हाथ में पहने लोहे के कड़े से हमला किया, जिससे उनको चोट भी आई है. हालांकि समय रहते बसंतपुर पुलिस पहुंची और 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया, हालांकि कुछ आरोपी भागने में सफल हो गए. बताया जा रहा है कि आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया है. जानकारी के अनुसार, आर.टी.ओ. बेरियर में हमराह परिवहन उप निरी. सिधार्थ पटेल (प्रार्थी) और प्र.आर. कौशल साहु अपने डियूटी में तैनात था. इसी बीच रात लगभग 10 बजे आरोपी चंदन यादव कैलाश यादव, उपेन्द्र उर्फ गोलु और 5 अन्य अज्ञात लोग ॠझह बेरियर के अंदर आकर पूर्व में हुए विवाद को लेकर बहस करने लगे. इसके बाद सभी आरोपी ॠझह ऑफिस के अंदर घुसकर गाली-गलौच करते हुए प्रार्थी और उसके ड्रायवर ओम प्रकाश राजवाड़े से मारपीट करने लगे. मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की. पुलिस की जांच में पता चला कि 1 जनवरी 2025 को चंदन यादव और चालक के द्वारा तेज गति से पिकअप बेरिकेट के उपर चढ़ा दिया था. इस घटना के बाद विवाद शुरू हुआ था और आरोपी चंदन ने साथियों को फोन कर बुलाकर कर्मचारियों के साथ विवाद किया था.

## प्रशासन की बड़ी कार्रवाई: नेशनल हाइवे किनारे बने अवैध कॉम्प्लेक्स पर चला बुलडोजर



### 22 दुकानें हुई जमींदोज, 200 से ज्यादा पुलिसकर्मी रहे तैनात

**गरियाबंद,** 6 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। जिला मुख्यालय गरियाबंद में आज जिला प्रशासन ने अवैध निर्माण के खिलाफ सोमवार सुबह बड़ी कार्रवाई की है. नगर पालिका से बिना भवन अनुज्ञा लिए बने इस व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स को तोड़ दिया गया. कब्रिस्तान से सटी जमीन पर नेशनल हाइवे किनारे 22 दुकानें बनाई गई थीं, जिसे नगर पालिका के प्रतिवेदन के बाद सुनवाई के दौरान गरियाबंद एसडीएम ने अवैध निर्माण घोषित कर दिया था।

राजस्व और पालिका की जंबो टीम कार्रवाई में मौजूद रही. एडीएम पंकज डाहिरे की निगरानी में दो एसडीएम, दो तहसीलदार, दो नायब तहसीलदार और अन्य राजस्व एवं पालिका अधिकारी मौके पर मौजूद थे. कुल मिलाकर छह से अधिक राजपत्रित अधिकारी इस कार्यवाही में शामिल रहे. हालांकि, दूसरी ओर से एसडीएम के आदेश के खिलाफ राजस्व मंडल में मामला दर्ज कराया गया है. कार्रवाई से पहले अधिकारियों ने दूसरी पक्ष से चर्चा कर उनके वैधानिक पक्ष को जानने की कोशिश भी की थी. अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे ने इस कार्रवाई की पुष्टि की है। जिले के सभी निरीक्षक और 200 से ज्यादा पुलिसकर्मी शहर के हर कोने में तैनात रहे. पुलिस ने अपने सभी तंत्र रातभर सक्रिय रखे ताकि कार्रवाई के दौरान या बाद में कोई अप्रिय घटना न घटे और लॉ एंड आर्डर की स्थिति बनी रहे. प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर था।

## सनातन का अपमान नहीं सहेंगे कहते हुए वकील ने सीजेआई गवई पर की जूता फेंकने की कोशिश, आरोपी हिरासत में लिया गया



**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट में एक वकील ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई पर हमला करने की कोशिश की। यह घटना तब घटी जब सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ वकीलों द्वारा मामलों की सुनवाई कर रही थी। सूत्रों के अनुसार, वकील मंच के पास गया और अपना जूता निकालकर जज पर फेंकने की कोशिश की। हालाँकि, अदालत में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने समय रहते हस्तक्षेप किया और वकील को बाहर निकाल दिया। बाहर निकलते समय वकील को यह कहते सुना गया कि सनातन का अपमान नहीं सहेंगे। मुख्य न्यायाधीश ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और अदालत में मौजूद वकीलों से अपनी दलीलें जारी रखने को कहा। उन्होंने कहा इस सब से विचलित न हों। हम विचलित नहीं हैं। ये बातें मुझे प्रभावित नहीं करतीं। यह घटना संभवत: खजुराहो में भगवान विष्णु की सात फुट ऊँची सिर कटी मूर्ति की पुनर्स्थापना से संबंधित एक पूर्व मामले में मुख्य न्यायाधीश गवई की टिप्पणियों से प्रेरित थी। उस मामले को खारिज करते हुए उन्होंने कहा था जाओ और देवता से ही कुछ करने को कहो। तुम कहते हो कि तुम भगवान विष्णु के कट्टर भक्त हो। तो अभी जाकर प्रार्थना करो। यह एक पुरातात्विक स्थल है और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को अनुमति वगैरह देनी होगी। इस टिप्पणी से सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया था और कई लोगों ने मुख्य न्यायाधीश पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने का आरोप लगाया था। दो दिन बाद खुली अदालत में इस विवाद पर बोलते हुए, मुख्य न्यायाधीश गवई ने कहा कि उनका कोई अनादर करने का इरादा नहीं था। उन्होंने कहा कि मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूँ... यह सब सोशल मीडिया पर हुआ। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश का समर्थन

## खेत में लगा था करंट वाला तार चपेट में आने से नाबालिग की मौत

**बिलासपुर,** 6 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। बिलासपुर जिले के पचपेड़ी थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हुआ है. खेत में बिछाए गए बिजली के तार की चपेट में आने से 16 वर्षीय नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई. ग्रामीणों ने घायल बच्चे को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने मवेशियों को खेत में घुसने से रोकने के लिए खेत किनारे बिजली का तार बिछाया था। इसी दौरान 16 वर्षीय बच्चा किसी काम से वहां पहुंचा और करंट की चपेट में आ गया। इसके बाद वह बेहोश होकर गिर पड़ा. आसपास मौजूद ग्रामीण ने तुरंत बच्चे को तार से अलग किया और सीएचसी मस्तूरी ले गए. लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद गौरव को मृत घोषित कर दिया. सूचना के बाद मस्तूरी पुलिस मौके पर पहुंची और शून्य मर्ग कायम कर आगे की जांच के लिए मामला पचपेड़ी थाना भेजा जा रहा है। गौरतलब है कि इसी तरह की एक घटना पांच महीने पहले ग्राम कोकड़ी में भी हुई थी, जहां खेत के किनारे बिछाए गए बिजली तार की चपेट में आने से 10 वर्षीय पंकज कुमार जगत की मौत हो गई थी. उस मामले में

CMYK